# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक–एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/विज्ञप्ति/3580/2026–27 दिनांकः–24/07/2026

## प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः 1553/68–5–2020, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकः के० जी०बी०वी०/शिक्षक/8362/2021 दिनांक 04.01.2021 एवं शासनादेश संख्या–1/570148/2024 File No. 68–5099/23/2024–5( ) दिनांक 28.05.2024, संशोधन शासनादेश संख्या 1/775757/2024 File No. 68–5099/23/24–अनुभाग–5 दिनांक 21.10.2024, एवं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा विद्याभवन, निशातगंज लखनऊ के पत्रांकः के०जी०बी०वी०/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 के क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, लेखाकार, मुख्य रसोइया एवं चपरासी के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से एक वर्ष/शैक्षिक सत्र के लिये संविदा पर कार्य करने हेतु योग्य अभ्यर्थियों से नवीन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर में विलम्बतम दिनांक 10.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। रिक्त पदों का विवरण एवं अर्हता निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | पद | विषय | वर्ग/श्रेणी रिक्त पदों का विवरण | | | | | | निर्धारित मासिक मानदेय | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | | OBC | SC | ST | Total | | |
| | | | अना. | E.W.S | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) | हिन्दी | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 25410 | हिन्दी एवं संस्कृत से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथ. मिक स्तर की टी०ई०टी० होगी) प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल०टी० इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) | अंग्रेजी | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 25410 | अंग्रेजी से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० होगी) प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल०टी० इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा। |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका (महिला) | कला क्राफ्ट एवं संगीत/गृहशिल्प | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 12790 | कला/क्राफ्ट एवं, संगीत गृहशिल्प विषय के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प के शिक्षिका का पद कला क्राफ्ट एवं संगीत पद के अन्तर्गत होगा। |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (महिला) | कम्प्यूटर | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 12790 | प्रशिक्षित स्नातक। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल०टी० इत्यादि प्रशिक्षित सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी०जी०डी० सी०ए०/बी०सी०ए०/ बी०एस०सी० कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी०ओ०ई०ए० सी०सी० या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा आदि वांछित होगा। |
| 5 | लेखाकार (महिला) | – | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14357 | स्नातक वाणिज्य एवं एम०एस० आफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य है। डी०ओ०ई० ए०सी०सी० या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में "ओ" लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। |
| 6 | मुख्य रसोइया (महिला) | – | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 9006 | कक्षा–8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |
| 6 | चपरासी (महिला) | – | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 7505 | कक्षा–8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |

**नोटः**– रिक्तियों की संख्या घट–बढ सकती है।

**महत्वपूर्ण निर्देशः**–

1. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ....................पद नाम अंकित होना आवश्यक है।
2. उपरोक्त सभी पदों पर नियुक्ति 11 माह 29 दिन के लिए संविदा अनुबन्ध के आधार पर नितांत अस्थाई रूप से की जायेगी। कार्य संतोषजनक होने की स्थिति मे जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरान्त प्रतिवर्ष कार्यकाल में वृद्धि की जायेगी।
3. आयु की गणना 01.04.2026 के आधार पर की जायेगी। न्यूनतम् आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम् 45 वर्ष निर्धारित है।
4. समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. दो पंजीकृत डाक टिकट लगा स्व नाम पता लिखा लिफाफा भी संलग्न करना अनिवार्य है।
6. आवेदन पत्र एक ही पृष्ठ पर फुल स्केप कागज पर निर्धारित प्रारूप के आधार पर साफ–साफ अंकित होना चाहिए।
7. विज्ञापन/चयन में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति को होगा।
8. शिक्षिकाओं के पदो के लिए निर्धारित योग्यता प्रशिक्षित स्नातक होगा। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड० तथा उसके समकक्ष एल०टी०इत्यादि प्रशिक्षण एवं उ०प्र०टी०ई०टी० जूनियर स्तर उत्तीर्ण को सम्मिलित किया जायेगा।
9. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
10. अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
11. शैक्षिक स्टाफ तथा लेखाकार के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, बी०एड० में प्राप्त अंकों के प्रतिशत को जोड़कर लब्धांक निकाला जायेगा। लब्धांक दशमलव के दो अंको तक शुद्ध परिकलित किया जायेगा। लेखाकार पद के लिए अभ्यर्थी को हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक में प्राप्त अंकों के प्रतिशत को जोड़कर लब्धांक निकाला जायेगा।
12. नियुक्ति के उपरान्त फुलटाइम शिक्षिकायें एवं रसोईयों को विद्यालय में निवास करना अनिवार्य होगा।
13. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक से ही मान्य होगा। अंतिम तिथि 10.08.2026 को सायं 5:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. रिक्तियों की संख्या घट या बढ़ सकती है।
15. समस्त पदो हेतु मानदेय राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देशानुसार देय होगा।
16. लेखाकार के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक वाणिज्य होगी तथा एम०एस०आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य है। डी०ओ०ई०ए०सी०सी० या समकक्ष संस्था से "ओ" लेवल की दशा में अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
17. मुख्य रसोइया के पद पर शैक्षिक योग्यता कक्षा–8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए।
18. चपरासी हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित नहीं होना चाहिए।
19. मुख्य रसोइया एवं चपरासी के पद पर चयन साक्षात्कार के द्वारा किया जायेगा।
20. रिक्तियों से सम्बन्धित दिशा–निर्देश बेबसाइड http://ambedkarnagar.nic.in/ पर आपलोड है।
21. उपरोक्त विज्ञप्ति/चयन विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा० उच्चतम् न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।